राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

<u>सावधि ऋण योजना - केरल</u>

<u>सफलता की कहानी</u>

लाभार्थी का नाम	**सुश्री सिजी अजीथ**
जिला एवं राज्य	**केरल**
योजना का नाम	**सावधि ऋण योजना**
ऋण स्वीकृति का वर्ष	**2018**
ऋण राशि	**रू. 1,90,000/-**
गतिविधि /व्यवसाय	**बेकरी शॉप**
राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम	**केरला स्टेट वीमेन डेवलपमेंट कारपोरेशन**

सुश्री सिजी अजीथ एक ऐसी लाभार्थी हैं जिन्हें NBCFDC की ऋण योजनाओं के अंतर्गत नियमानुसार दो बार लाभ प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। पहले उन्होंने वर्ष 2013-14 के दौरान रू. 95,000/- का ऋण NBCFDC की राज्य एजेंसी केरला स्टेट वीमेन डेवलपमेंट कारपोरेशन (KSWDC) से प्राप्त किया था जिसे 2018 में सेटल कर देने के उपरांत पुनः 2018 में रू. 1 लाख 90 हजार का सावधि ऋण प्राप्त किया। पहले उन्होंने छोटी बेकरी शॉप हेतु ऋण सहायता प्राप्त की थी। अब काम को बढ़ाने के लिए और पैसों की आवश्यकता थी, जो पुनः ऋण प्राप्त कर पूरी की।

सुश्री सिजी बताती हैं कि राज्य निगम से दोनों बार ऋण सहायता प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। राज्य निगम के अधिकारियों द्वारा सदैव मेरा सहयोग और उत्साहवर्द्धन किया गया। मैंने इस ऋण राशि से बेकरी से जुड़ी अन्य सामग्री/सामान खरीदने के साथ-साथ फर्नीचर एवं फ्रिज खरीदा। वे आगे बताती हैं कि मेरा काम अच्छा चला और मैं पहले लिए गए ऋण से लगभग रु० 12,000/- प्रति माह कमा लेती थी। नया ऋण लेने के उपरांत मासिक आय लगभग रू. 20,000/- हो गई है। मेरा काम काफी अच्छा चल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मैं ऋण की किस्तों को समय पर जमा कर रही हूँ। मैं और मेरा परिवार काफी खुश हूँ। मैं इस काम से आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन गई हूँ और घर-परिवार में प्रतिष्ठा, मान-सम्मान बढ़ा है। यह मान-सम्मान मुझे और अधिक आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करता है।

सुश्री सिजी कहती हैं कि मैं NBCFDC और राज्य निगम के सहयोग के लिए जितना भी धन्यवाद करूँ वो कम ही है। निगम अपनी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जरूरतमंद व्यक्तियों के दरवाजे तक खुद आते हैं और अपना सहयोग करते हैं। मुझे आशा है कि मेरी जैसी तमाम महिलाएं और पुरूष इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्व-रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनेंगे।